उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

'विद्युत नियामक भवन' निकट आई.एस.बी.टी., पो0ऑ0–माजरा, देहरादून

Website www.uerc.uk.gov.in E-mail- secy.uerc@gov.in

निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी हेतु निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयोग कार्यालय की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी हेतु मुहरबन्द निविदा ''जहाँ है जैसी है'' के आधार पर केवल निर्धारित प्रपत्र में दिनांक **27.10.2026** को सायं 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सायं 4.00 बजे खोली जायेगी। निष्प्रयोज्य सामग्रियों का निरीक्षण आयोग कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर सायं 3.00 से 5.00 बजे तक किया जा सकता है। नीलामी की विस्तृत शर्तें, निर्धारित निविदा प्रपत्र आयोग कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा आयोग की वेबसाईट **www.uerc.uk.gov.in** पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

विज्ञापन सं0– 15/2026–27

सचिव

उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

'विद्युत नियामक भवन'

निकट आई.एस.बी.टी., पो0ऑ0–माजरा, देहरादून

PH. 0135-2641115 Website www.uerc.uk.gov.in E-mail- secy.uerc@gov.in

निष्प्रयोज्य सामाग्रियों की नीलामी हेतु शर्तें

1. आयोग कार्यालय की निष्प्रयोज्य सामाग्रियों की मुहर बन्द नीलामी **'जहाँ है जैसी है'** के आधार पर की जानी है। इच्छुक निविदादाता निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 27.10.2026 को सायं 03:00 बजे तक अपनी निविदा आयोग कार्यालय में जमा कर सकते हैं जो कि उसी दिवस को 4.00 बजे समिति द्वारा उपस्थित निविदाताताओं के सम्मुख खोली जायेगी।
2. नीलामी हेतु निर्धारित प्रपत्र आयोग कार्यालय से प्राप्त की किया जा सकता है, अथवा आयोग की वेबसाईट **www.uerc.uk.gov.in** पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है।
3. निष्प्रयोज्य सामग्रियों हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र के अनुसार सामग्रियों हेतु निविदत्त अधिकतम दरों के आधार पर स्वीकृत की जायेगी।
4. निष्प्रयोज्य सामग्रियों का निरीक्षण आयोग कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर सायं 3:00 से 5:00 बजे तक किया जा सकता है।
5. निविदाकर्ता को अपना पता/पहचान पत्र की प्रति जमा करना अनिवार्य होगा जिसको जमा न किये जाने की स्थिति में निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
6. इच्छुक निविदादाता को धरोहर धनराशि के रूप में रू0 2,000.00 का डिमान्ड ड्राफट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। धरोहर धनराशि सचिव, उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के पक्ष में देय होगी अन्यथा निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
7. प्रथम दो उच्च निविदादाताओं के द्वारा धरोहर के रूप में जमा धनराशि को नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया समाप्ति उपरान्त वापस कर दी जायेगी। शेष असफल निविदादाताओं को नीलामी की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।
8. नीलामी में उच्च निविदादाता को सात दिवस के भीतर सम्पूर्ण धनराशि सचिव, उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा करनी होगी। नगद भुगतान स्वीकार्य नही होगा।
9. निर्धारित समय तक धनराशि जमा ना करने पर निविदादाता द्वारा जमा समस्त धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा द्वितीय उच्च निविदादाता को अवसर प्रदान कर दिया जायेगा।
10. विवाद उत्पन्न होने की दशा में सचिव, उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग देहरादून का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा तथा जिसे चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

11. किसी भी नीलामी हेतु प्राप्त किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार इस हेतु गठित समिति/सक्षम अधिकारी को होगा।
12. निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी होने के उपरान्त ले जाने हेतु समस्त भाड़ा निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा तथा नीलामी की गई कोई भी सामग्री किसी भी दशा में वापस नहीं ली जायेगी।
13. निविदा खोले जाने के समय केवल निविदादाता ही उपस्थित रह सकते है।
14. यदि निविदा के दौरान सामाग्रियों का उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता है तो कार्यालय को यह अधिकार होगा कि वह उक्त सामग्री की निविदा को निरस्त भी कर सकती है।
15. यदि कोई आयकर/व्यापार कर अथवा अन्य कोई कर नियमानुसार देय होगा तो वह निविदादाता द्वारा स्वतः वहन किया जायेगा।
16. इच्छुक निविदादाता अपनी दरें निर्धारित प्रपत्र में भरकर निर्धारित तिथि तक सीलबन्द लिफाफे में रख कर सचिव, उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग को प्रेषित कर सकते है। लिफाफे के उपर **"निष्प्रोज्य सामगियों की नीलामी हेतु मुहर बन्द निविदा"** लिखा जाना अनिवार्य होगा।
17. उपरोक्त नीलामी की शर्तों के विषय में तथा नीलामी की तिथि स्थगित होने या बदलने एवं नीलामी के दौरान अथवा किसी भी समय विवाद उत्पन्न होने की स्थिति मे सचिव, उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।

सचिव

संलग्नः– निविदा निर्धारित प्रपत्र

उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

'विद्युत नियामक भवन'
निकट आई.एस.बी.टी., पो0ऑ0–माजरा, देहरादून
PH. 0135-2641115 Website www.uerc.uk.gov.in E-mail- secy.uerc@gov.in

निविदा–प्रपत्र

निविदा दाता का नाम :– .....

निविदादाता का पता :– .....

निविदादाता का मोबाइल न0:–.....

धरोहर राशि का विवरण :–धनराशि.....डिमान्ड ड्राफट न0 .....दिनांक .....

(मूल में संलग्न करें।)

पते का प्रमाण–पत्र (आधार कार्ड इत्यादि)..... (प्रति संलग्न करें)

क्र0सं0	विवरण	निविदा हेतु एकल संयुक्त दर (रू0 में)
1.	निष्प्रयोज्य सामग्रियॉ। (जहॉ है जैसी है के आधार पर)	

दिनांक .....

निविदादाता का नाम एवं हस्ताक्षर

*****